कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर।

विज्ञप्ति

जनपद ललितपुर में संचालित स्थायी लोक अदालत में 01 पद आशुलिपिक ग्रेड–2 का नियत मानदेय रू0 9000/– प्रति माह एवं 01 पद कार्यालय चपरासी नियत मानदेय रू0 7000/– प्रतिमाह का रिक्त है, जिस पर नियुक्ति की जानी है। जिसके संबंध में जिला जजी/कलैक्ट्रेट के सेवानिवृत्त कर्मी अर्ह/पात्र है। उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अर्ह/पात्र आवेदकों से दिनांक **15.07.2025** तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललितपुर के नाम से पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित किये जा सकते हैं अथवा सीधे तौर पर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललितपुर के कार्यालय में कार्य दिवस में प्राप्त कराये जा सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। नियुक्त होने वाले कर्मचारियों का कार्यकाल अधिकतम 02 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु पूर्ण करने तक जो भी पहले हो होगा। नियुक्त कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण/राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत निर्देशो के अधीन किया जावेगा।

दिनांक 26.06.2025

Sd/-

(मयंक जायसवाल)
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
ललितपुर।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को :–

1. अध्यक्ष, जिला बार संघ, ललितपुर
2. अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, ललितपुर को सूचना पट पर चस्पा कराने हेतु।
3. केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय, ललितपुर को सूचना पट पर चस्पा कराने हेतु।
4. नाजिर सदर, कलैक्ट्रेट ललितपुर को कलैक्ट्रेट के सूचना पट पर चस्पा कराने हेतु।
5. तहसीलदार, ललितपुर को तहसील के सूचना पट पर चस्पा कराने हेतु ।
6. तहसीलदार, महरौनी को तहसील के सूचना पट पर चस्पा कराने हेतु ।
7. तहसीलदार, तालबेहट को तहसील के सूचना पट पर चस्पा कराने हेतु।
8. तहसीलदार, पाली को तहसील के सूचना पट पर चस्पा कराने हेतु ।
9. तहसीलदार, मडावरा को तहसील के सूचना पट पर चस्पा कराने हेतु ।
10. जिला सूचना अधिकारी, ललितपुर को इस विज्ञप्ति को स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क सूचना प्रकाशित कराये जाने हेतु प्रेषित।
11. सिस्टम आफीसर, जनपद न्यायालय, ललितपुर को उक्त सूचना बेवसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।

Sd/-

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,ललितपुर।